देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 99 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 15 जुलाई 2020

विचार–प्रवाह...
विस्तारवादी नजरिया





PAGE 3 PUBLICATION | मौसम | अधिकतम 33.0° | न्यूनतम 23.0° | 36033.06

2 ईरान ने भारत को दिया झटका

7 स्टूडेंट्स की ऑनलाइन क्लास ले रहे हैं फिंच

# पायलट पर कांग्रेस का ऐक्शन

## कुर्सी छिनी, सभी पदों से हटाया, विश्वेंद्र सिंह और रमेश मीणा भी बर्खास्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जयपुर। राजस्थान कांग्रेस ने बागी हुए डिप्टी सीएम सचिन पायलट और उनके समर्थित मंत्रियों और विधायकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें उप मुख्यमंत्री और मंत्री पदों से हटा दिया है। कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बाद कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने पार्टी के फैसला का एलान करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने षड़यंत्र के तहत संपूर्ण बहुतम से चुनी गई कांग्रेस सरकार को गिराने की साजिश की है। धन और सत्ता बल से, ईडी और इनकम टैक्स के जरिए दबाव बनाकर सरकार को अस्थिर करने की कोशिशें की गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायकों को खरीदने की कोशिश की जा रही थी। सचिन पायलट दिग्भ्रमित होकर, भाजपा के षड्यंत्र के जाल में उलझ कर कांग्रेस सरकार को गिराने की साजिश में शामिल हो गए।

उप मुख्यमंत्री पद से सचिन पायलट और पर्यटन और खाद्य मंत्री पद से विश्वेंद्र सिंह और रमेश मीणा को बर्खास्त कर दिया गया है। सुरजेवाला ने बताया कि पिछले 72 घंटे में सोनिया गांधी ने राहुल गांधी के माध्यम से सचिन पायलट से और अन्य मंत्रियों से विधायकों से संपर्क करने की कोशिश की।

केसी वेणुगोपाल ने कई बार बात की। प्रयास किए गए कि वो वापस आए, उनके लिए दरवाजो खुले हैं। कोई मतभेद है तो बैठक सुलझाएंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सचिन पायलट और उनके साथी मंत्री सरकार गिराने की साजिश कर रहे हैं। यह अस्वीकारिय है। इसलिए बड़े दुखी मन से कुछ निर्णय लिए हैं। इससे पहले राजस्थान सरकार पर आया सियासी संकट मंगलवार को भी जारी है। दिल्ली के बड़े नेताओं और कथिततौर पर प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के फोन कॉल्स के बाद भी सचिन पायलट के बगावती तेवर शांत नहीं हुए। वहीं उनकी मान–मनुहार की हर संभव कोशिश जारी रही। लेकिन मंगलवार सुबह बुलाई गई बैठक में शामिल नहीं हुए।



### गोविंद सिंह डोटासरा को पीसीसी अध्यक्ष बनाया

सुरजेवाला ने पीसीसी के नए अध्यक्ष के नाम का भी ऐलान किया। उन्होंने शिक्षा राज्य मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा को नया प्रदेशाध्यक्ष बनाने की घोषणा की। हेम सिंह शेखावत को राजस्थान प्रदेश सेवा दल का नया अध्यक्ष नियुक्त करने के साथ गणेश गोगरा को यूथ कांग्रेस का अध्यक्ष बनाने की घोषणा की गई।

### पायलट पर बोले सीएम गहलोत– मैं दुखी हूं

जयपुर। राजस्थान में चले पॉलिटिकल ड्रामे में सचिन पायलट को उपमुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया है। इसके अलावा उन्हें प्रदेश अध्यक्ष पद से भी हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्यपाल कलराज मिश्र के पास जाकर उन्हें इसकी जानकारी दे दी। इसके बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि पिछले छह महीने से षडयंत्र चल रहा था। हमारे कुछ साथी गुमराह होकर दिल्ली चले गए। हम सबको जानकारी थी कि हॉर्स ट्रेडिंग चल रही है। ये चलता रहा, चलता रहा और ये स्थिति आज इसलिए पहुंची है क्योंकि हमारे कुछ साथी गुमराह होकर दिल्ली चले गए।

## संक्षिप्त समाचार

### 50 हजार का इनामी शशिकांत गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कानपुर। उत्तर प्रदेश को दहला देने वाले कानपुर के चौबेपुर के बिकरू गांव कांड में पुलिस की कार्रवाई गति पकड़ चुकी है। बिकरू कांड में फरार अपराधी 50 हजार के इनामी शशिकांत उर्फ सोनू पांडेय को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर वारदात में लूटी गई इंसास व एके 47 रायफल और कारतूस बरामद किए गए। शशिकांत के पिता प्रेमकुमार पांडेय को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया था। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने कहा कि पुलिस से लूटे कई हथियार कल रात बिकरू गांव से बरामद कर लिए हैं।

### देश में कोरोना के खिलाफ दो वैक्सीन पर खुशखबरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने मंगलवार को देश को बड़ी खुशखबरी दी है। उसने बताया है कि कोविड–19 के लिए दो देसी वैक्सीन का ट्रायल लगातार आगे बढ़ रहा है और यह चूहों और खरगोशों पर इनकी टॉक्सिसिटी स्टडीज सफल रही है। ICMR के महानिदेश डॉ. बलराम भार्गव ने कोरोना पर प्रेस ब्रीफिंग के दौरान बताया कि अध्ययन के आंकड़े देश के ड्रग कंट्रोलर जनरल के पास भेज दिए गए हैं जहां से दोनों वैक्सीन का इंसानों पर परीक्षण करने की अनुमति मिल गई है।

### दिग्गज युवा नेताओं को खो रही है कांग्रेस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कांग्रेस के युवा नेता एक–एक कर सामने आकर अपनी भावनाएं प्रकट करने लगे हैं। पहले जितिन प्रसाद ने पायलट को खोने पर दुख का इजहार किया और अब इस लिस्ट में प्रिया दत्ता का नाम जुड़ गया है। प्रिया दत्त ने कहा कि किसी का महत्वकांक्षी होना गुनाह नहीं है। जिन लोगों ने सबसे मुश्किल घड़ी में कठिन परिश्रम किया, उनका कांग्रेस पार्टी से रुख्सत होना वाकई दुखदायी है।

# नौ लाख कोरोना केस पर खुशखबरी भी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■देश में 63.02 प्रतिशत रिकवर हुए

नई दिल्ली। कोविड–19 के बढ़ते मामले टेंशन जरूर दे रहे हैं मगर कुछ आंकड़े ऐसे हैं जो राहत भरे भविष्य की तरफ इशारा करते है। टेस्टिंग को लेकर भारत ने पिछले दो महीने में काफी तेजी से काम किया है और उसी का नतीजा है कि संक्रमण के इतने केसेज देखने को मिल रहे हैं।

भारत में कोविड–19 का पॉजिटिविटी रेट 7.44 है जो कि मई के पहले हफ्ते में 4.14 हुआ करता था। इसका मतलब यह है कि जितने लोगों का टेस्ट हो रहा है, उसमें से ज्यादा लोग पॉजिटिव मिल रहे हैं। भारत ने जिस दिन नौ लाख केसेज का आंकड़ा पार किया है, उस दिन नौ ऐसे संकेत मिले हैं जो सकरात्मक हैं। भारत में टोटल कोरोना केसेज 9,06,752 हैं जिसमें से 5,71,460 ठीक हो चुके हैं। कोविड–19 मरीजों का रिकवरी रेट बेहतर होकर 63.02 प्रतिशत हो गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, रिकवरी और मौतों का अनुपात अब 96.01 प्रतिशत :3.99 प्रतिशत है।

देश में 63.02 प्रतिशत रिकवर हुए हैं मगर 19 राज्य/केंद्रशासित प्रदेश ऐसे हैं जो नैशनल एवरेज से भी बेहतर परफॉर्म कर रहे हैं। लद्दाख, दिल्ली, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा में रिकवरी रेट 75 प्रतिशत से ज्यादा है। भारत में कोरोना पॉजिटिव केसेज के मुकाबले मृत्यु–दर लगातार कम हो रही है।

# बिहार में 16 से 31 जुलाई तक लॉकडाउन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बिहार के डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि, बिहार सरकार ने 16 से 31 जुलाई तक लॉकडाउन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि नगर निकाय, जिला मुख्यालय, अनुमंडल और प्रखंड मुख्यालय 15 दिनों के लिए लॉकडाउन रहेगा।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 16 से 31 जुलाई तक के लॉकडाउन के लिए गाइडलाइन तैयार की जा रही है। सुशील कुमार मोदी ने बताया कि कोरोना महामारी का ना कोई दवा है ना टीका। इससे बचाव का सिर्फ एक ही माध्यम है, हम सभी अपने चेहरे पर मास्क, तौलिया या रुमाल लगाकर लगाना सुनिश्चित करें। तभी हम कोरोना से अपना बचाव कर सकते हैं और इसे हरा सकते हैं। दरअसल सोमवार को बीजेपी के 75 लोगों का सैंपल लिया गया था, जिसमें से 25 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए।

# वास्तविक अयोध्या नेपाल में,भगवान राम नेपाली

## अयोध्या पर दिए बयान पर अपने ही घर में घिरे ओली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने भगवान राम के जन्मस्थान को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। इसके बाद ओली अपने ही घर पर घिर गए हैं। नेपाल के कई नेताओं ने खुलकर ओली के इस बयान का विरोध किया है। नेताओं ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच वैसे भी तनाव की स्थिति बनी हुई है ऐसे में कोली को ऐसे दावों से बचना चाहिए।

ओली अपनी सत्ता को जाते हुए देख लगातार भारत पर निशाना साध रहे हैं। सोमवार को उन्होंने दावा किया कि भारत ने सांस्कृतिक अतिक्रमण के लिए नकली अयोध्या का निर्माण किया है। जबकि, असली अयोध्या नेपाल में है। ओली पहले कह चुके हैं कि भारत उनको सत्ता से हटाने की साजिश रच रहा है। ओली ने सवाल किया कि उस समय आधुनिक परिवहन के साधन और मोबाइल फोन (संचार) नहीं था तो राम जनकपुर तक कैसे आए?

राष्ट्रीय प्रजातांत्री पार्टी के सह–अध्यक्ष कमल थापा ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए इस तरह के निराधार, अप्रमाणित बयानों से बचना चाहिए।

थापा ने ट्वीट किया, ऐसा लग रहा है कि पीएम तनावों को हल करने के बजाय नेपाल–भारत संबंधों को और खराब करना चाहते हैं। इसी तरह, राष्ट्रीय योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष स्वर्णिम वागले ने चेतावनी दी कि भारतीय मीडिया कल पीएम के बयान से विवादास्पद सुर्खियां बटोर सकता है और बना सकता है।

### केपी ओली के इस्तीफे की मांग तेज

नेपाल में कई दिनों से केपी ओली के इस्तीफे की मांग उठ रही है। बजट सत्र को स्थगित करने के बाद अब केपी ओली एक अध्यादेश लाकर पार्टी को तोड़ सकते हैं। ओली वहां मुख्य विपक्षी पार्टी नेपाली कांग्रेस के संपर्क में हैं, जिनसे उन्हें सपॉर्ट मिल सके। दरअसल, ओली अध्यादेश लाकर पॉलिटिकल पार्टीज ऐक्ट में बदलाव कर सकते हैं। इससे उन्हें पार्टी को बांटने में आसानी होगी। यह सब चीन और पाकिस्तान के समर्थन से हो रहा है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# भारत में भूखे लोगों की संख्या घटी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गुड न्यूज: छह करोड़ घटी, दुनिया में 69 करोड़ लोगों को खाना नहीं

संयुक्त राष्ट्र। भारत में पिछले एक दशक में अल्पपोषित या भूखे लोगों की संख्या छह करोड़ तक घट गई है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई जिसमें यह भी कहा गया कि बच्चों में बौनेपन की समस्या कम हो गई है लेकिन देश के वयस्कों में मोटापा बढ़ रहा है।

जारी, 'विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण स्थिति रिपोर्ट' के अनुमान के मुताबिक 2019 में दुनिया भर में करीब 69 करोड़ लोग अल्पपोषित (या भूखे) हैं। यह संख्या 2018 के मुकाबले एक करोड़ ज्यादा है।

भूख और कुपोषण को समाप्त करने की प्रगति पर नजर रखने वाली सबसे आधिकारिक वैश्विक अध्ययन माने जाने वाली इस रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में अल्पपोषित लोगों की संख्या 2004–06 के 24.94 करोड़ से घटकर 2017–19 में 18.92 करोड़ हो गई।